जबसे खाटू वाले हम तुम्हारे हो गए

सारे दुःख दूर अब हमारे हो गए,
जबसे खाटू वाले हम तुम्हारे हो गए श्याम..............

जबसे खाटू वाले हम तुम्हारे हो गए,
मेरे जीने के तुम सहारे हो गए,
जबसे मुरली वाले हम तुम्हारे हो गए श्याम..............

सबसे रिश्ता तोड़ के बैठे तुमसे नाता जोड़ के बैठे,
सारे जग से उठा भरोसा सब कुछ तुम पर छोड़ के बैठे,
बिना तक़दीर के गुज़ारे हो गए,
जबसे खाटू वाले हम तुम्हारे हो गए श्याम..............

हमने ये एहसास किया है साथ भगत के रहता है तू,
कभी ना छोड़े मुझे अकेला हाथ पकड़ कर चलता है तू,
ऐसा लगता है हम किनारे हो गए,
जबसे खाटू वाले हम तुम्हारे हो गए श्याम..............

एक बार मेरे श्याम को देखूं बहार बार मेरा दिल करता है,
बाँध देखे तुझे मर ना जाऊं सोच सोच कर दिल डरता है,
मेरी आँखों के तुम तो तारे हो गए,
जबसे खाटू वाले हम तुम्हारे हो गए श्याम..............

तेरा होकर देख लिया है तेरा बनकर ही रहना है,
अपना बना के रखना बाबा बनवारी ये ही कहता है,
तेरे चलते जीवन में उजाले हो गए,
जबसे मुरली वाले हम तुम्हारे हो गए श्याम,
जबसे खाटू वाले हम तुम्हारे हो गए श्याम..............

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25906/title/jabse-khatu-wale-hum-tumhare-ho-gaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |